## निगम के कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस से रखी जा रही है निगरानी

पुरातन 11-2-21

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से घर-घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है इस कार्य में ओर गति लाये जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहनों पर जीपीएस सिस्टम से निगरानी रखी जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु वाहन वार्डो में समय पर पंहूचे व तय रूट पर चले इस हेतु वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल में संचालित एसबीएम सेल से वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। वाहन वार्डो में समय पर नहीं पहुंचने पर संबंधित ड्रायवर व कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कॉम्पेक्टर में होगा एकत्रित

पुरातन 11-2-21

रतलाम। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया गया गीला व सूखा कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पृथक-पृथक पंहूचे इस हेतु अमृत सागर स्थित ट्रांसफर स्टेषन पर 2 काम्पेक्टर वाहन लगाये गये है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि ट्रांसफर स्टेषन पर लगाये गये एक कॉम्पेक्टर में गीला व दूसरे काम्पेक्टर में सूखा कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से एकत्रित किया जाकर जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पृथक-पृथक डाला जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका / न्यूज़ मार्ट –पृष्ठ ........दिनांक...11–2......2021

(10)

जांच रिपोर्ट में 4 नए मरीज आए सामने


# कोरोना से एक और मौत, आंकड़ा 82 हुआ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 11-2-2021

रतलाम. जिले में कोरोना से एक और मौत का मामला सामने आया है जिसके बाद अब मौत का यह आंकड़ा बढ़कर 82 पर पहुंच गया है। देर शाम आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 4 नए मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही अब मरीजों की संख्या बढ़कर 4381 पर पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में भर्ती चार और मरीज बुधवार को ठीक होकर अपने घर पहुंचे हैं।

लैब से आई रिपोर्ट के मुताबिक रतलाम में कोरोना से रेल नगर निवासी 77 वर्षीय कोविड-पॉजिटिव पुरुष की मौत हुई है। उक्त व्यक्ति को 9 फरवरी को भर्ती किया गया था, उपचार के दौरान 10 फरवरी को उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर बुधवार को जो 4 नए मरीज सामने आए हैं उनमें रतलाम के रेल नगर के 77 वर्षीय पुरुष, रेलवे कॉलोनी के 54 वर्षीय पुरुष, 47 वर्षीय महिला तथा ग्राम काबुल खेड़ी के 35 वर्षीय पुरुष हैं।

पत्रिका 11-2-2021



## कलेक्टर ने भी कोरोना का टीका लगवाया

रतलाम। बुधवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने भी कोरोना का टीका लगवाया। डीआरपी लाइन स्थित टीकाकरण केंद्र पर कलेक्टर के अलावा सीएसपी हेमंत चौहान तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, स्टेनो इरफान अहमद खान, शिंदे तथा अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों का भी टीकाकरण किया गया। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील उपस्थित थे।

# 3 मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन, मतदाता सूची को लेकर जागरूकता दिखाएं, 15 तक दावे-आपत्तियां

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 11-2-2021

**रतलाम.** प्रदेश भाजपा नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति के सदस्य एवं पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने नए व पूर्व के मतदाताओं से मतदाता सूची को लेकर जागरूकता का परिचय देने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि मार्च-अप्रैल में संभावित निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है।

जारी बयाने में डागा ने बताया कि मतदाता सूची पर 15 फरवरी तक दावे-आपत्ति प्रस्तुत किए जा सकते है। निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं के सामने सूची में नाम दर्ज कराने का यह अंतिम अवसर है। किसी मतदाता का यदि पता परवर्तन हुआ है अथवा कोई मतदाता यदि अन्य कारणों से अन्यत्र चला गया है, तो उसका नाम सूची में परिवर्तन कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। इसी प्रकार नए मतदाता अपना नाम सूची में दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन दे। आवेदन मतदान केंद्रों पर दिए जा सकते है। नव मतदाता अपने आयु संबंधी समस्त दस्तावेज लेकर मतदान केंद्र जाए, ताकि उन्हें असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकेंगे ई-मतदाता परिचय पत्र

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 11-2-2021

**रतलाम.** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए आनलाइन ई-मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी से मतदाताओं को ई-मतदाता पहचान पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए मतदाता का यूनिक मोबाईल नंबर मतदाता पहचान पत्र से लिंक होना जरूरी है।

ई-मतदाता पहचान पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट एनव्हीएसपीइन, वोटर पोर्टल ईसीआई गर्वरमेंट इन पर जाकर अपना लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड बनाना होगा। यह सुविधा वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप पर भी उपलब्ध रहेगी। ई-मतदाता पहचान पत्र ऑनलाइन डाउनलोड करने की सुविधा मिलने से मतदाता कहीं पर भी अपना वोटर पहचान पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट प्राप्त कर सकता है।

# ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकेंगे ई-मतदाता पहचान पत्र

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए आनलाईन ई–मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2021 से मतदाताओं को ई–मतदाता पहचान पत्र आनलाईन डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके लिए मतदाता का यूनिक मोबाईल नंबर मतदाता पहचान पत्र से लिंक होना जरूरी है। ई–मतदाता पहचान पत्र आनलाईन डाउनलोड करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट एनव्हीएसपीइन, वोटर पोर्टल ईसीआई गर्वरमेंट इन पर जाकर अपना लागिन आईडी एवं पासवर्ड बनाना होगा। यह सुविधा वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप पर भी उपलब्ध रहेगी। ई–मतदाता पहचान पत्र आनलाईन डाउनलोड करने की सुविधा मिलने से मतदाता कहीं पर भी अपना वोटर पहचान पत्र डाउनलोड कर उसका प्रिंट प्राप्त कर सकता है। प्रकाश 11-2-21

## गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक काम्पेक्टर में होगा एकत्रित

रतलाम। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया गया गीला व सूखा कचरा जुलवानिया टेर्चिंग ग्राउण्ड पर पृथक-पृथक पंहुचे इस हेतु अमृत सागर स्थित ट्रांसफर स्टेषन पर 2 काम्पेक्टर वाहन लगाये गये है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि ट्रांसफर स्टेषन पर लगाये गये एक काम्पेक्टर में गीला व दूसरे काम्पेक्टर में सूखा कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहनों से एकत्रित किया जाकर जुलवानिया टेर्चिंग ग्राउण्ड पर पृथक-पृथक डाला जायेगा।

## दरोगा व सफाई कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। धनजीभाई के नोहरे में सफाई उपरान्त कचरा नहीं उठाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दरोगा दिनेश-मोतीलाल व सफाई संरक्षक रानीबाई-विनोद एक दिवस का वेतन काटा जाकर में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया जाकर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है।

## निगम के कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस से रखी जा रही है निगरानी

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से घर-घर से कचरा संग्रहण किया जा रहा है इस कार्य में ओर गति लाये जाने हेतु कचरा संग्रहण वाहनों पर जीपीएस सिस्टम से निगरानी रखी जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि घर-घर से कचरा संग्रहण हेतु वाहन वार्डो में समय पर पंहुचे व तय रूट पर चले इस हेतु वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। सिविक सेन्टर स्थित मिटिंग हॉल में संचालित एसबीएम सेल से वाहनों पर निगरानी रखी जा रही है। वाहन वार्डो में समय पर नहीं पंहुचने पर संबंधित ड्रायवर व कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## कचरा कलेक्शन में फिर लापरवाही, लोग परेशान

भास्कर 11-2-2021

रतलाम | स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच कचरा कलेक्शन की व्यवस्था फिर गड़बड़ा गई है। गाड़ियां कई क्षेत्रों में दो से तीन दिन तक नहीं पहुंच रही हैं। इससे क्षेत्रवासी परेशान हो रहे हैं। कचरा सड़ने से मच्छर पैदा हो रहे हैं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार------------पृष्ठ ........दिनांक 11-2-2021

# स्वच्छता चुनौती है, इसका डटकर मुकाबला करेंगे

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत सुभाष नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश

**रतलाम।** आपको जब महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। शायद कुछ लोगों को याद होगा और जिन्हें याद नहीं होगा उन लोगों को मैं याद दिलाना चाहूंगा, गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर हमारे शहर क स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें और इस सपने को साकार बनायें।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छ और सुंदर रतलाम की कल्पना को साकार कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुभाषनगर स्थित मांगलिक सभागृह में समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चाई यही है कि इस सपने को साकार बनाने के लिये देश और



प्रदेश के युवा को आगे आना होगा और गांधी जी के सपने को हकीकत में बदलने का प्रयास करना होगा। वर्तमान समय में स्वच्छता हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। यह समय रतलाम शहर के लिए बदलाव का समय है, बदलाव के इस दौर में यदि हम स्वच्छता के क्षेत्र में पीछे रह गए तो आर्थिक उन्नति का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। साथ ही हमें इसे एक बड़े स्तर पर भी देखने की जरूरत है ताकि हमारे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। निगम आयुक्त ने उपस्थितजनों से फीडबैक में भी सहयोग कर नगर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का आव्हान किया है।

उन्होंने कहा कि साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर और गांवों को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा और मैं जानता हूं कि इसे केवल एक अभियान बनाने से कुछ नहीं होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगड़े व हेमलता मेहलात के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यहां रंगोली, भाषण, क्विज, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में सफल रहे प्रतियोगी क्रमशः कु. रागिनी, मोनिका, रीया, यामिनी, जयश्री, राधिका, प्रिया,सपना, नेहा के साथ ही अरुणा शर्मा,, हेमलता शर्मा, तारा राठेर, किरण मैना, बसंती जीनवाल,शहनाज खान, ज्योति कांवरिया, अफरोज खान, सुनीता चौहान, चंदा चौहान, प्रतिभा जैन और चेतना बारमेचा आदि को भी नगर निगम आयुक्त व अतिथियों ने संबोधित किया।

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी,वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.मीना वर्मा, डॉ.देवेन्द्र शाह, नगर निगम के वरिष्ठ इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, ,श्याम कुमार सोनी,स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, डॉ.पिंकी बोरीवाल, डॉ.शहनाज सैय्यद,डॉ.नेहासिंह,अनिल पांचाल आदि उपस्थित रहे।

### यहां लिए गए संकल्प

- शौचालय का प्रयोग करने के लिए लोगों में जागरुकता फैलायें।
- अपने आस-पास रखे कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को बतायें।
- कार्टून और चित्रों के जरिये लोगों को स्वच्छता के सही मायने समझायें।
- स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये लोगों को जागरुक बनाने का प्रयास करेंगे।
- गंदगी नहीं फैलाएंगे और ऐसा करने वालों को विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करेंगे।
- सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी अभियान चलाएंगे।
- पान, गुटका और तम्बाकू जैसे उत्पादों का सेवन करने वालों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगे।
- सरकारी,गैरसरकारी संस्थाओं, स्कूलों,सार्वजनिक इलाकों, मोहल्लों, कालोनियों, बगीचों और घरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लोगों को शिक्षित कराएंगे।
- स्वच्छता के लिए गलियों की गंदगी, नालों,तालाबों के आस-पास जमे कूड़े-करकट, सड़कों की सफाई करेंगे।

5

# दरोगा व सफाई कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा

प्रकाश 11-2-21

रतलाम। धनजीभाई के नोहरे में सफाई उपरान्त कचरा नहीं उठाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दरोगा दिनेश-मोतीलाल व सफाई संरक्षक रानीभाई-विनोद एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया जाकर तीन दिवस में स्पष्टीकरण चाहा गया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया/भास्कर ---पृष्ठ ........दिनांक...11-2-2021 (11)

# फरवरी के दस दिन में 41 नए मरीज मिले, दो की मौत

## 77 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ा दम, 192 रिपोर्ट में चार नए पॉजिटिव, संक्रमितों की संख्या 4381 पर पहुंची

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में इस महीने कोरोना के नए मरीजों की संख्या कम है, लेकिन दस दिन में दो मौत हो चुकी है। बुधवार शाम शहर के रेल नगर निवासी 77 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इन्हें पॉजिटिव आने के बाद नौ फरवरी को मेडिकल कॉलेज के कोविड केयर सेंटर में भर्ती किया गया था। वहीं 192 रिपोर्ट में चार नए पॉजिटिव मिले। जिले में संक्रमितों की कुल संख्या 4381 पहुंच गई है। चार मरीजों के डिस्चार्ज होने पर स्वस्थ होने वालों की संख्या 4245 है जबकि 82 मौत हुई है। फरवरी के 10 दिन में 41 नए मरीज मिले, 53 स्वस्थ हुए। 21 जनवरी से ही एक्टिव मरीजों की संख्या 100 से नीचे ही है।

जिले में अब तक 79198 लोगों के सैंपल लिए गए हैं, जिसमें 43468 कि रिपोर्ट निगेटिव आई और 1200 से अधिक सैंपल रिजेक्ट भी हुए हैं। अब जिले में 55 एक्टिव कंटेनमेंट एरिया बचे हैं। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां एक ही मोहल्ले या परिवार में एक साथ पांच से अधिक मरीज मिले हैं। कोरोना वैक्सीनेशन का पहला चरण शुरू होते ही कोरोना संक्रमण के नए मामले कम निकल रहे हैं। फरवरी के दो दिनों में तो एक भी नया मरीज नहीं मिला था।

## कलेक्टर सहित 1205 अधिकारी–कर्मचारियों ने लगवाया कोरोना का टीका

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में 10 फरवरी को 1205 फ्रंट लाइन वर्कर को कोविड-19 का टीका लगाया गया। जिसमें कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने भी टीका लगवाया। डीआरपी लाइन स्थित केंद्र पर कलेक्टर के अलावा सीएसपी हेमंत चौहान, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण निशिकांत शुक्ला, स्टेनो इरफान अहमद खान, संभाजी शिंदे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों का भी टीकाकरण किया गया। यहां सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील उपस्थित थे। बुधवार को जिले के सभी केंद्रों पर कुल 2104 लोगों को बुलाया गया था, जिसमें 1205 ही आए। 91 वायल में इस सभी का टीकाकरण किया गया है। कई केंद्रों पर 20 लोग ही पहुंचे। कुल 63.63 प्रतिशत को टीका लगा जो दूसरे चरण के पहले दिन काफी बेहतर रहा। जिले में 15 केंद्रों में से आठ केंद्र शहर में हैं। इसमें शासकीय मेडिकल कॉलेज, बाल चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय, रेलवे चिकित्सालय पटेल कॉलोनी, पुराना कलेक्टोरेट, नया कलेक्टोरेट, डीआरपी लाइन-एक, डीआरपी लाइन-दो में हैं। इसी तरह सिविल अस्पताल आलोट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नामली, सिविल हॉस्पिटल जावरा-एक, सिविल हॉस्पिटल जावरा-दो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना को भी केंद्र बनाया गया है। दूसरे चरण में राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।




कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को कोरोना का टीका लगाती हुई स्वास्थ्यकर्मी। ● नईदुनिया


# 57% लोगों ने लगवाई वैक्सीन, कलेक्टर ने भी लगवाया टीका, सैलाना में सबसे ज्यादा टीकाकरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

11-2-2021

जिले में फ्रंटलाइन वर्करों को कोरोना का टीका लगाया गया। 1205 लोगों को वैक्सीन लगी, जबकि 2104 लोगों को टीके लगाए जाने थे।

सैलाना में सबसे ज्यादा 92.65 प्रतिशत टीकाकरण हुआ, वहीं पिपलौदा में 89.11 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने भी बुधवार को टीका लगवाया। डीआरपी लाइन स्थित टीकाकरण केंद्र पर कलेक्टर के अलावा सीएसपी हेमंत चौहान भी टीका लगवाने पहुंचे। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील भी मौजूद थे।



टीका लगाते हुए कलेक्टर।

## कोरोना से 82वीं मौत, रेल नगर के बुजुर्ग ने तोड़ा दम

भास्कर 11-2-2021

रतलाम | जिले में कोरोना पॉजिटिव मिलने के आंकड़े अब कम हो गए हैं। हालांकि, मौत के मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को कोरोना से 82वीं मौत हो गई। इधर, 4 नए पॉजिटिव भी मिले हैं। बुधवार को रेल नगर के 77 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। उन्हें 9 फरवरी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। फरवरी महीने में कोरोना से यह दूसरी मौत है। जनवरी का महीना मौत के लिहाज से राहतभरा रहा था। इस महीने दो लोगों ने ही दम तोड़ा था।

**अब कुल संक्रमित 4381** - बुधवार को 4 नए पॉजिटिव सामने आए हैं। नए संक्रमितों में 77 साल के पुरुष, रेलवे कॉलोनी के 54 साल के पुरुष, 47 साल की महिला, काबुलखेड़ी के 35 साल के पुरुष शामिल हैं। अब कुल संक्रमित 4381 हो गए हैं।

मिशन शहरी सरकार

# 1 आइआइएम से करार, उधर सख्ती- लापरवाही ठेकेदार होंगे टर्मिनेट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-2-2021

भोपाल. शहरी सरकार का चुनाव नजदीक आते ही नगरीय प्रशासन महकमा एक्शन में आ गया है। बुधवार को नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बेहतर काम के लिए आईआईएम इंदौर से एमओयू किया, तो मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी की समीक्षा बैठक में सीवेज और जलप्रदाय योजना में लापरवाही एजेंसी या ठेकेदार को टर्मिनेट करने की कार्रवाई करने को कहा।

आइआइएम इंदौर से नगरीय निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन और उन्हें तकनीकी सहयोग देने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने एमओयू किया। वर्चुअल बैठक में आइआइएम डायरेक्टर हिमांशु राय ने कहा कि साथ मिलकर शहरों के विकास के शिखर पर ले जायेंगे। केपेसिटी बिल्डिंग हमारी प्राथमिकता है।

**बैंक गारंटी जब्त हो**

अर्बन डव्हलपमेंट कम्पनी के सीवेज और जल-प्रदाय कामों की समीक्षा बैठक में भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अनावश्यक देरी पर निर्माण एजेंसियों को टर्मिनेट किया जाए और उनकी बैंक गारंटी भी जब्त करें। सीएसआर रिवाइज्ड किया जाए।

# स्ट्रीट वेंडर्स को मिलने वाले ऋण की मंजूरी में विलंब न हो- शिवराज

पत्रिका 11-2-2021

## मुख्यमंत्री चौहान से मिले स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक

भोपाल ● 10 फरवरी (ए)
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से आज यहां भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़) उमेश पांडे ने भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लागू ऋण योजनाओं की तत्परता से मंजूरी का आग्रह किया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार विशेष रूप से स्वनिधि योजना जिसे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म-निर्भर निधि भी कहा जाता है, के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के प्रकरणों की स्वीकृति और योजना के क्रियान्वयन के बारे में भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की आगामी बैठक में योजना के अंतर्गत राशि के वितरण की स्थिति



की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा यह गरीबों के कल्याण की योजना है। छोटे व्यवसायी जो शहरों और गांवों में रेहड़ी और सड़क किनारे गुमटी या ठेला लगाकर छोटा-मोटा व्यवसाय करते हैं, उन्हें आसानी से ऋण सहायता मिले, इसके लिए प्रयास बढ़ाए जाएं। वर्तमा[न] में ऐसे प्रकरणों में स्वीकृति में दे[री] होने की शिकायतें कुछ जिलों [से] प्राप्त हुई हैं। लघु व्यवसाय से जु[ड़े] जरूरतमंद लोगों को सरलता [से] ऋण राशि मिले, यह प्रयास बैं[क] शाखा स्तर पर किया जाए। सा[थ] ही इन हितग्राहियों से प्राप्त ऋ[ण] की अदायगी भी हो इसके लि[ए] सरकार और बैंक स्तर पर संयु[क्त] प्रयास किए जाएं। इससे ऐ[से] हितग्राहियों को फिर से ऋण दि[ए] जाने का कार्य आसान होगा।

### भारतीय स्टेट बैंक गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

*मुख्य महाप्रबंधक श्री पांडे ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इस कार्य में विलंब नहीं हो, यह सुनिश्चि[त] किया जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक मुख्यालय द्वारा छोटे व्यवसायियों की ऋण योजनाओं की अविलंब स्वीकृ[ति] के लिए सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक गरीबों के कल्याण के लि[ए] प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के जनरल मैनेजर राजेश सक्सेना भी उपस्थि[त] थे। पीएम स्वनिधि ऋण योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सभी राज्यों से आगे है। इसी तर[ह] मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना में भी अच्छे परिणाम प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

# शहरी विकास में आइआइएम करेगा निकायों की मदद

11-2-2021

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** प्रदेश के शहरों के व्यवस्थित विकास में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मदद अब इंदौर आइआइएम करेगा। बुधवार को विभाग और आइआइएम के बीच अनुबंध हो गया है। आइआइएम विकास कार्य में तकनीकी मदद के साथ अधिकारियों-कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन के लिए भी काम करेगा।

विभाग के मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि हमारा विभाग आइआइएम के सहयोग से नगरीय विकास के कामों में उत्कृष्टता लाएगा। इसका लाभ प्रदेश के नागरिकों को मिलेगा। आइआइएम इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय ने कहा कि हमें उद्देश्य, उत्तरदायित्व और उत्कृष्टता पर कार्य करना है। विभाग के साथ मिलकर हम मध्यप्रदेश को शहरों के विकास के क्रम में शिखर पर ले जाएंगे। क्षमता निर्माण हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और आयुक्त नगरीय प्रशासन और विकास निकुंज श्रीवास्तव उपस्थित थे।



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह (बीच में) की उपस्थिति में बुधवार को मंत्रालय में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा आइआइएम इंदौर के बीच एमओयू हुआ। इस दौरान विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह (दायें) और आयुक्त नगरीय प्रशासन निकुंज श्रीवास्तव (बायें) उपस्थित थे। ● **जनसंपर्क विभाग**

## सीवेज-पेयजल योजनाओं में देरी हो तो एजेंसी को बाहर करें


शहरों में सीवेज और पेयजल योजनाओं में देरी पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नाराजगी के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने साफ कहा है कि जो एजेंसी काम में देरी करें, उन्हें बाहर (टर्मिनेट) करो। उनकी बैंक गारंटी जब्त करो। मंत्री बुधवार को अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के काम की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने तीन दिन पहले योजनाओं की समीक्षा करते हुए देरी की बात सामने आने पर नाराजगी जताई थी। यहां मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) नियमों में संशोधित करें और सही डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) बनाने के लिए तंत्र विकसित करें।

# प्रदेश के बाहर की संपत्तियों से बढ़ाएंगे आय

11-2-2021

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश के बाहर शासकीय परिसंपत्तियों से आय बढ़ाने के लिए सरकार उनका नये सिरे से उपयोग करेगी। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने पुनर्घनत्वीकरण नीति 2016 में बदलाव का मसौदा तैयार किया है। इसके तहत मध्य प्रदेश के स्वामित्व वाली वे संपत्तियां जो अन्य राज्यों में है और अविवादित हैं, उन्हें नीति में शामिल किया जाएगा। वहीं, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के माध्यम से विभिन्न विभागों की अनुपयोगी परिसंपत्तियों को नीलाम करने कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शहरी क्षेत्रों में स्थित शासकीय भवन और परिसरों के नये सिरे से उपयोग के लिए पुनर्घनत्वीकरण नीति 2016 में [illegible]गू की गई थी। इसका दायरा सीमित था लेकिन अब इसके विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नीति में संशोधन का मसौदा तैयार किया है। सूत्रों के मुताबिक निगम, मंडल, प्राधिकरण और नगरीय निकायों के भवन या परिसर भूमि का नये सिरे से उपयोग किया जा सकेगा। प्रदेश के बाहर स्थिति अविवादित और अनुपयोग संपत्ति भी नीति के दायरे में आएगी। प्रदेश की उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में संपत्तियां हैं। पुनर्घनत्वीकरण के अलावा उन संपत्तियों को नीलाम करने की प्रक्रिया भी चल रही है, जो अनुपयोगी हैं। इसके लिए अब लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग बनाया गया है। सभी विभागों ने अपनी परिसंपत्तियों की जानकारी इस विभाग के पोर्टल पर दर्ज की है। विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की लगातार समीक्षा मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस कर रहे हैं।



**विभागों से लिया जा रहा अभिमत :** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राजस्व, वित्त, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों का अभिमत लिया जा रहा है। इसके बाद पुनर्घनत्वीकरण नीति में संशोधन का प्रस्ताव अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट में रखा जाएगा।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–जनवकालत–पृष्ठ ........दिनांक 11-2-2021

(12)

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक! नगर पालिकाओं, पंचायतों की मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लिए जाएंगे




जनवकालत

11-2-21

रतलाम। आगामी नगर पालिका एवं पंचायतों के निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 15 फरवरी तक लिए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्धारित दावा आपत्ति केंद्रों पर प्राप्त करना आरंभ कर दिए गए हैं, जो आगामी 15 फरवरी की दोपहर 3:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। आयोग द्वारा दावा आपत्ति के संबंध में निर्धारित आवेदन पत्रों के प्रारूप में परिवर्तन कर नए प्रारूप ईआर-1 परिवर्धन हेतु, ईआर-2 विलोपन हेतु तथा ईआर-3 संशोधन के लिए जारी किए गए हैं। यह सभी आवेदन पत्र प्राधिकृत कर्मचारी के पास उपलब्ध रहेंगे।

कलेक्टर ने बताया की दावा आपत्ति लेने के लिए बूथ लेवल अधिकारी अपने निर्धारित बूथ पर प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्राप्त करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जो भी बीएलओ अपनी ड्यूटी में कोताही बरतेंगे उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया कि परिवर्तन दावा केवल मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई मतदाता अपने नाम सूची के एक वार्ड से दूसरे वार्ड में अंतरित करना चाहता है तो उसके द्वारा भी इस प्रारूप में दावा आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार विलोपन आपत्ति की जानकारी में बताया गया कि ऐसी आपत्ति केवल ऐसा ही व्यक्ति कर सकता है जिसका नाम संबंधित नगर पालिका या पंचायत की मतदाता सूची में पहले से ही सम्मिलित है, अर्थात जो संबंधित नगर पालिका या पंचायत का मतदाता है संशोधन आपत्ती के तहत यह आपत्ति मतदाता सूची में सम्मिलित किसी प्रविष्टि के ब्यौरे जैसे मकान नंबर, नाम, पिता, पति का नाम, आयु के संबंध में अशुद्धि या त्रुटि पर आपत्ति हो सकती है। ऐसी आपत्ति केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिससे संबंधित प्रविष्टि है। इसके लिए किसी अन्य मतदाता के समर्थन की आवश्यकता नहीं है।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन नगर पालिकाओं के वार्ड तथा अन्य विभिन्न स्थानों पर किया गया है। अब 8 फरवरी से 15 फरवरी की दोपहर 3:00 बजे तक दावा आपत्ति केंद्रों पर दावे आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। 20 फरवरी दावा आपत्ति आवेदन पत्रों के निराकरण की अंतिम तिथि रहेगी। 23 फरवरी निराकृत दावा आपत्ति आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि की अंतिम तिथि रहेगी। इसी तिथि को दावे आपत्ति की चेक लिस्ट तैयार की जाएगी। आगामी 27 फरवरी को फोटो रहित अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। आगे 3 मार्च को फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका, वार्डों तथा अन्य स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची प्रदान की गई।

(14)

वर्ष 36 अंक 6 रतलाम, गुरुवार 11 फरवरी से बुधवार 17 फरवरी

## शहर में रोज पानी देने की योजना

# नगर निगम ने मुख्यमंत्री के जरिए किया 'शहरवासियों से धोखा'

रतलाम। आखिरकार वही हुआ, जिसकी आशंका थी, नगर निगम की लापरवाही से पूरे रतलाम शहर में प्रतिदिन पानी देने की योजना 1 जुलाई तक टल गई। नगर निगम, पिछले साल के दिसंबर महीने से शहरवासियों को नियमित जल वितरण के सपने दिखा रहा है, लेकिन फरवरी तक कोई परिणाम नहीं दे सका। पहले मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के हाथों दीनदयाल नगर टंकी से रोज पानी देने का कार्य शुरू होने की चर्चाएं थीं, लेकिन निगम ने उन्हीं के मुंह से जुलाई तक इंतजार करने का ऐलान करा दिया है। मुख्यमंत्री की घोषणा को नगर निगम द्वारा शहरवासियों के साथ धोखा कहा जा रहा है। जबकि रतलामवासियों ने धोलावाड़ में भरपूर जल होने के बाद भी एक दिन छोड़कर जलप्रदाय को अपनी नियति मान लिया था। शहरवासियों का मानना है कि नगरनिगम उनके साथ क्षेत्रानुसार अलग-अलग व्यवहार कर रहा है।

### निगम चुनाव में होगी फजीहत

रोज पानी देने की योजना नगर निगम के आने वाले चुनाव में भाजपा के लिए बड़ा मुद्दा थी। इसके जरिए नगर में एक बार फिर उसकी परिषद बनने की संभावनाएं तलाशी जा रही थी। निगम चुनावों की घोषणा मार्च में होने की संभावना है ऐसी स्थिति में चुनाव मार्च-अप्रैल में होंगे और तब गर्मी का प्रकोप रहेगा। गर्मी में नागरिकों को हर साल जलसंकट का सामना करना पड़ता है, इसलिए निगम चुनाव शहर में भाजपा और नगर निगम अमले के लिए फजीहत कराने वाले हो सकते हैं।

नगरनिगम की लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री की 1 जुलाई की घोषणा से नगर विधायक की घोषणा एवं प्रयासों को धक्का लगा।

शहर में पिछले 20 सालों से एक दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा है। इससे शहरवासी ग्रीष्म ऋतु में परेशान हो जाते हैं। इस साल ग्रीष्म के दौरान रतलाम के बाशिंदों को सालों की समस्या का समाधान मिलने की आस थी, क्योंकि विधायक चेतन्य काश्यप ने पिछले विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में जहां रोज पानी देने का वचन दिया था, वहीं पिछले साल थावरिया बाजार में टंकी के लोकार्पण समारोह में उन्होंने इस वचन को पूरा करने की पहल भी कर दी थी। उनके निर्देश पर नगर निगम के अमले ने कस्तुरबा नगर टंकी से उसके आसपास के क्षेत्र में नियमित जलप्रदाय शुरू कर दिया और शहरवासियों को भरोसा दिलाया गया था कि धीरे-धीरे पूरे रतलाम के लोगों को रोज पानी मिलने लगेगा।

कस्तुरबा नगर में रोज पानी देने की शुरुआत 14 दिसंबर को हुई थी और एक सप्ताह में दीनदयाल नगर टंकी से पानी देने का दावा किया गया था, लेकिन बाद में ये योजना टलती गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान का रतलाम दौरा जब तब हुआ, तो उनके हाथों दीनदयाल नगर टंकी से नियमित जलप्रदाय की शुरुआत कराने की चर्चाएं चली, लेकिन नगर निगम ये नहीं करवा सका। दीनदयाल नगर टंकी के बाद शहर की अन्य टंकियों से जलवितरण शुरू होना था, मगर लगता है नगर निगम ने सोची समझी रणनीति के तहत सब कुछ टाल दिया है।

विधायक चेतन्य काश्यप रतलामवासियों को नियमित पानी वितरण

...शेष पृष्ठ 2 पर

विधायक श्री काश्यप द्वारा शहर के विकास

पृष्ठ 1 का शेष

नगर निगम ने कराने की योजना पर लगातार सक्रिय रहे, लेकिन लगता है नगर निगम के अधिकारियों ने उन्हें भी अंधेरे में रखा। कस्तुरबा नगर टंकी से जल वितरण की शुरुआत का प्रचार पाने के बाद निगम अमला कुछ नहीं कर पाया। यदि दीनदयाल नगर की टंकी से ये कार्य नहीं हो सकता था, तो निगम दूसरी टंकी से इस क्रम को जारी रख सकता था, लेकिन पूरा अमला जनहित के इस सबसे बड़े कार्य को लेकर लापरवाह बना रहा। इससे मुख्यमंत्री के दौरे से जो उम्मीदें जागी थीं, वे भी टूट गईं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डोसीगांव में आयोजित सभा में 1 जुलाई से रतलाम में रोज जलवितरण की शुरुआत होने की घोषणा की है, लेकिन निगम की लापरवाही से शहरवासियों को पूरी गर्मी अब जलसंकट का सामना करना पड़ेगा। निगम अमला विधायक की घोषणा पूरी नहीं कर सका, इसलिए शहरवासियों को मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी होने में भी संशय है।

सा. उपदेश

# महावीर नगर का सुविधाघर सबसे ज्यादा साफ

11-2-2021

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए नगर निगम को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिल गया है। 30 दिसंबर 2020 व एक जनवरी 2021 को थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन (टीपीआइ) के बाद सर्टिफिकेट जारी किया गया। टीपीआइ टीम ने शहर में नगर निगम के 32 सुविधाघरों में से 11 की जांच की थी। सभी में सफाई का स्तर बेहतर मिला।

निरीक्षण के बाद मिले सर्टिफिकेट



में महावीर नगर सुविधाघर को सबसे ज्यादा साफ व एक्सीलेंट बताया गया है। इसी तरह गांधीनगर, लक्ष्मणपुरा, धानमंडी, महूरोड बस स्टैंड के सुविधाघर, शौचालय ज्यादा साफ मिले और राजगढ़ नयागांव में बेहतर सफाई दिखी।

इसी तरह डालूमोदी चौराहा, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, कालिका माता गार्डन, कालिका माता मंदिर परिसर स्थित टायलेट में भी सफाई संतोषजनक रही। इससे निगम को सर्वेक्षण में 500 अंक का फायदा होगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सफाई की परीक्षा में सभी के सहयोग से ही अव्वल आ पाएंगे।

1

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. पत्रिका––पृष्ठ ........दिनांक..11–2........2021

**शहर के 32 मोहल्ले सबसे ज्यादा स्वच्छ**

# स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले शहर की अच्छी शुरूआत, ओडीएफ डबल प्लस का तमगा

शहर स्वच्छ
तो हम स्वस्थ



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-2-2021

रतलाम. विघ्न विनायक भगवान गणपति के प्रमुख वार बुधवार की शाम शहर के लिए खुश खबर लेकर आई। नगर निगम को ओडीएफ प्लस प्लस दिसंबर 2020 में घोषित किया गया था, उसका सर्टिफिकेट बुधवार को फिर से तो मिला ही सके साथ साथ एक बार फिर से शहर को दूसरे चरण के सर्वे में ओडीएफ प्लस प्लस घोषित किया गया है। इसमे शहर के 11 सुविधाघर के साथ साथ 32 प्रमुख मोहल्लों को भी बेहतर सफाई के साथ उल्लेखित किया गया है।

यह पुरस्कार प्राप्त करना भी आसान नहीं था। इसके लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सौलंकी, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास व जीके जायसवाल के साथ साथ स्वच्छता प्रभारी एपीसिंह ने कई दिन की मेहनत की है। शहर में सुबह 5 बजे से शुरू होने वाले स्वच्छता के कार्य की शुरुआत हुई व इसका निरीक्षण आयुक्त झारिया ने सुबह से लेकर शाम तक किया। इतना ही नहीं शहर के विभिन्न मोहल्लों मे रात 10 बजे बाद से लेकर 2 बजे तक नगर निगम के स्वच्छता से जुड़े करीब 1500 कर्मचारियों ने मेहनत की व सफाई की। इतना ही नहीं, जिन शौचालय में कुछ समय पूर्व तक आमजन जाने से कतराते थे, वहां पर आकर्षक रांगोली बनाई गई व खुश्बुदार फूल के पौधे रखकर उनको भी स्वच्छ बनाया गया। इसके बाद जब उज्जैन से लेकर भोपाल की टीम ने आकर निरीक्षण किया तो वे शहर की स्वच्छता देखकर हैरान रह गए। इतना ही नहीं शहर के विभिन्न वार्डो में जब गए तो उनको घर घर में शौचालय मिले।

## इन मोहल्लों में मिली बेहतर स्वच्छता

गांधीनगर, जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, राजगढ़ नयागांव, मीराकुटी, इंदिरा नगर, पंत नगर, रिटायर्ड कॉलोनी, डालूमोदी बाजार, धानमंडी, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, अमृत सागर बगीचा, एसटीस्टीफन क्षेत्र, कालिका माता गार्डन, कालिका माता मंदिर क्षेत्र, महू रोड बस स्टैंड, महावीर नगर, अमृत सागर तालाब, झाली तालाब, अंबेडकर नगर, अंबिका नगर, मौमिनपुरा, मोहन नगर, 80 फीट रोड, त्रिवेणी क्षेत्र, अंबेडकर मैदान, नगर निगम क्षेत्र, महू रोड बस स्टैंड, नजरबाग, जिला अस्पताल क्षेत्र व भुट्टा बाजार क्षेत्र वो स्थान है जहां पर टॉयलेट से लेकर क्षेत्र में गंदगी नहीं पाई गई।

### इस तरह हुआ सर्वेक्षण

| | |
|---|---|
| सर्वेक्षण की तारीख | 30 दिसंबर 2020 |
| गंदगी करने पर दंड की मशीन | जांच में चालू हालात में मिली |
| कुल कम्युनिटी शौचालय जहां जांच हुई | 52 |
| आमजन उपयोग करते पाए गए | 5 टॉयलेट |
| बेस्ट टॉयलेट पाए गए | 18 |
| टॉयलेट के अंदर जाकर जांच हुई | 11 |
| साफ पाए गए | 1 |
| अधिक साफ पाए गए | 4 |
| सबसे बेहतर स्वच्छता मिली | 1 |

नगर निगम की पूरी टीम का इसमे सहयोग तो है ही इसके साथ साथ शहर के आमव्यक्ति का भी सहयोग है। हमारा प्रयास है कि शहर स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में देशभर में एक नंबर पर आए।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

यह प्रसन्नता की बात है स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर निगम को सभी की मेहनत व प्रयास से ओडीएफ प्लस प्लस मिला है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए की इसबार रतलाम पूरे देश में 1 नम्बर पर आए।

**- चैतन्य काश्यप**, शहर विधायक, रतलाम